दक्षिण कोरिया ने कल स्वदेशी और पनडुब्बी से संचालित बेलिस्टिक
मिसाइल- एसएलबीएम का सफलता पूर्वक परीक्षण किया | 1

दक्षिण कोरिया ने कल स्वदेशी और पनडुब्बी से संचालित बेलिस्टिक मिसाइल- एसएलबीएम का सफलता पूर्वक परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय और ब्लू हाउस ने यह जानकारी दी। इससे कुछ समय पहले उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में दो बेलिस्टिक मिसाइल दागी।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जाए-इन ने परीक्षण स्थल पर अधिकारियों को बताया कि देश अपनी मिसाइल क्षमता को बढा रहा है ताकि उत्तर कोरिया की किसी भी उकसावे की कार्रवाई से निपटने में मदद मिल सके। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी के अनुसार श्री मून ने इस बात पर बल दिया कि एसएलबीएम का परीक्षण सेना की योजना के अनुरूप किया गया और यह उत्तर कोरिया की मिसाइल परीक्षण का जवाब नहीं है।

उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण पर श्री मून ने कहा कि मिसाइल के प्रकार और उत्तर कोरिया के इरादे के बारे में किसी निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले गहन विशलेषण करना महत्वपूर्ण है।

सोमवार को उत्तर कोरिया ने घोषणा की थी कि उसने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया के प्रमुख व्यापार सहयोगी और मित्र चीन ने कहा कि वह कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन ने कहा कि कोई भी मुद्दा बातचीत और समझौते से ही सुलझाया जाना चाहिए।

Source : AIR

Office Address: F-10 Puri House, Rakesh Marg, Nehru Nagar 3rd, Near Shani Mandir Ghaziabad, Uttar Pradesh 201001 India
Contact No : 9115269789, 8929821970, 9625288989, 7982705327, 9625081873, 9454453276
Email Id : unitofazadgroup@gmail.com
दक्षिण कोरिया ने कल स्वदेशी और पनडुब्बी से संचालित बेलिस्टिक मिसाइल- एसएलबीएम का सफलता पूर्वक परीक्षण किया | 1